II. शिक्षा से मनुष्य किसके प्रति जाग्रत होकर कर्त्तव्य की ओर उन्मुख हो जाता है?

(क) अनुभव

(ख) समाज

(ग) परिवेश

(घ) अध्ययन

III. शिक्षा का विशुद्ध रोजगारकरण किस रूप में हमारे सामने आता है ?

(क) सामान्य विषय की जानकारी न होना

(ख) अत्यंत तार्किक होना

(ग) प्रत्येक क्षेत्र की पूर्ण जानकारी होना

(घ) आलसी होना

IV. गद्यांश में किस कुप्रवृत्ति पर अकुंश लगाने की बात कही गई है?

(क) शिक्षा रोजगार की साध्य हो गई है

(ख) शिक्षा मनुष्य को आधुनिक बना रही है

(ग) शिक्षा रोजगार का साधन हो गई है

(घ) शिक्षा से व्यक्ति निःस्वार्थी हो गया है

V. व्यावसायिक कोर्स करने वाले छात्रों को मानविकी के विषयों का थोड़ा-बहुत ज्ञान होने से क्या होगा?

(क) अविवेकशील नागरिक प्राप्त होंगे

(ख) विकास दोगुनी गति से होगा

(ग) समाज में असंतुलन होगा

(घ) विवेकशील नागरिक प्राप्त होंगे

**प्रश्न- 2 निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 1 x 5 = 5 अंक**

जीवन-पथ पर बढ़ते जाना,
यही समय का सत्य पुराना।
जो संघर्षों से टकराते,
वे ही इतिहास नया बनाते।
क्षणभंगुर है वैभव सारा,
कर्म अमर है जग में प्यारा।
संकट से जो नहीं विचलते,
वे ही शिखरों तक हैं चलते।
स्वार्थ जहाँ सीमाएँ गढ़ता,
प्रेम वहाँ विस्तार है करता।
मानवता का दीप जलाकर,
मनुष्य स्वयं को पाता है।

I. 'क्षणभंगुर है वैभव सारा' पंक्ति में 'क्षणभंगुर' शब्द का अर्थ है–

(क) स्थायी

(ख) आकर्षक

(ग) अल्पकालिक

(घ) मूल्यवान

II. काव्यांश के अनुसार इतिहास कौन बनाते हैं?

(क) भाग्यशाली व्यक्ति

(ख) संघर्षों से बचने वाले व्यक्ति

www.mseducationtv.com

| कॉलम अ | कॉलम ब |
|---|---|
| 1 पाँव जो पीछे हटाता | (i) नैन जल से छाए होंगे |
| 2 जब कि नीचे आए होंगे | (ii) उन्हें देते धीर रहना |
| 3 किन्तु उनसे यह न कहना | (iii) कोख को मेरी लजाता |

(क) 1 (i), 2(ii) , 3 (iii)
(ख) 1 (ii), 2(iii) . 3 (i)
(ग) 1 (iii), 2(i) , 3 (ii)
(घ) 1 (ii), 2(i) , 3 (iii)

**प्रश्न 4 निम्नलिखित गद्य खंड पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 5 * 1 = 5**

(i) 'नमक का दारोग़ा' पाठ के लेखक हैं -
(क) मुंशी प्रेमचंद
(ख) रामवृक्ष बेनीपुरी
(ग) यशपाल
(घ) हज़ारी प्रसाद द्विवेदी

(ii) रजनी एकांकी में अमित के गणित विषय में कम अंक आने का क्या कारण था ?
(क) पढ़ाई पर ध्यान न देने के कारण।
(ख) परीक्षा के समय बीमार होने के कारण
(ग) परीक्षा में नकल करते पकड़े जाने के कारण
(घ) ट्यूशन न लेने पर अध्यापक द्वारा कम अंक देने के कारण

(iii)' अपू के साथ ढ़ाई साल' नामक पाठ साहित्य की --- विधा है।
(क) रेखाचित्र
(ख) आत्मकथा
(ग) संस्मरण
(घ) जीवनी

(iv) किस कवि को 'कविता का गांधी' कहा जाता है?
(क) दुष्यंत कुमार
(ख) त्रिलोचन
(ग) सुमित्रानंदन पंत
(घ) भवानी प्रसाद मिश्र

(v) 'जामुन का पेड़' नामक पाठ के आधार पर कॉलम अ को कॉलम ब से सुमेलित करके सही विकल्प चुनिए।

| कॉलम अ | कॉलम ब |
|---|---|
| 1 माली दौड़ा दौड़ा | (i) बाहर लॉन में आया |
| 2 क्लर्क दौड़ा-दौड़ा | (ii) चपरासी के पास गया |
| 3 सुपरिंटेंडेंट दौड़ा- दौड़ा | (iii) सुपरिंटेंडेंट के पास गया |

(क) 1 (i), 2(ii), 3 (iii)
(ख) 1 (ii), 2(iii) 3 (i)
(ग) 1 (iii), 2(i) 3 (ii)
(घ) 1 (ii), 2(i) 3 (ii)

www.mseducationtv.com

